# 1 देश हमारा सबसे प्यारा

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) हमारा देश खूबसूरत और विश्व में सबसे न्यारा है।

(ख) हम अपने देश को सोने की चिड़िया के नाम से पुकारेंगे।

(ग) हमारे देश का मुकुट हिमालय है।

(घ) वेद, हिमालय तथा गंगा–जमुना नदियाँ, हमारे देश की खूबसूरत रचना हैं।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) हमारे देश की चार नदियों के नाम हैं– गंगा, यमुना, घाघरा, कोसी है।

(ख) हमारे देश को भारत, जम्बूद्वीप, आर्यावर्त, हिंदुस्तान आदि नामों से पुकारा जाता है।

(ग) चारों वेदों के नाम हैं– ऋग्वेद, अथर्ववेद, यजुर्वेद, सामवेद।

(घ) भारत में दूसरे देश से आए लोगों के साथ अतिथियों जैसा व्यवहार किया जाता है। अतिथि देवो भवः हमारी भारतीय संस्कृति है।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) हमारे देश की धरती कैसी है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चाँदी जैसी | ☐ | सोने जैसी | ✓ | लोहे जैसी | ☐ |

(ख) हमारे देश का गगन कैसा है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ताँबे जैसा | ☐ | सोने जैसा | ☐ | चाँदी जैसा | ✓ |

(ग) हमारे देश का सबसे खूबसूरत स्थान कौन-सा है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | ☐ | कश्मीर | ✓ | उत्तर प्रदेश | ☐ |

(घ) यह कविता किस प्रकार की है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रकृति प्रेम | ☐ | हास्य कविता | ☐ | देश भक्ति | ✓ |

**4. आशय स्पष्ट कीजिए–**

(क) प्रस्तुत पंक्ति से आशय है– विदेशी पर्यटकों के साथ हम भारतीय घर आए मेहमान की तरह उसका स्वागत करते हैं और शिष्टपूर्ण व्यवहार करते हैं। जिससे वह यहाँ आकर गर्व की अनुभूति करता है कि उसका स्वागत एक अतिथि की तरह हुआ।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति से आशय है– भारत की जनता अपने मत का प्रयोग करके अपना प्रतिनिधि चुनती है। इसलिए यहाँ की जनता अपने आप में राजा है।

5. **कविता की पंक्तियों की पूर्ति कीजिए–**

(क) सोने की **जिसकी धरती चाँदी-सा यह** गगन है।
जनता **यहाँ की राजा ऐसा मेरा** वतन है।

(ख) इस देश **जैसी गंगा-यमुना** कहीं न होगी।
वेदों **से खूबसूरत रचना कहीं न** होगी।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

1. **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सौभाग्य | × | **दुर्भाग्य** | (ख) | हमारा | × | **तुम्हारा** |
| (ग) | खूबसूरत | × | **बदसूरत** | (घ) | जन्म | × | **मरण** |
| (ङ) | पुरातन | × | **नवीन** | (च) | शांति | × | **अशांति** |

2. **समान अर्थ वाले शब्दों को नीचे दिये गये शब्दों में से ढूँढ़कर लिखिए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | अतिथि | – | **मेहमान** | (ख) | सत्कार | – | **सम्मान** |
| (ग) | न्यारा | – | **अनोखा** | (घ) | गंगा | – | **देवनदी** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 2 राजा का न्याय

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**

(क) राजा विक्रमादित्य दयालु, धर्मात्मा और न्यायप्रिय राजा थे।

(ख) विशाखा अपनी बहन से इसलिए ईर्ष्या करने लगी थी क्योंकि उसकी बहन आशा को पुत्र प्राप्ति हो गई थी और वह अभी तक निःसंतान थी।

(ग) विशाखा ने बच्चे को अपने कमरे में लाकर छिपा दिया।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) दोनों बहने बच्चे पर अपना हक जता रही थी। आशा का कहना था कि यह बच्चा मेरा है क्योंकि मैंने इसे जन्म दिया है और विशाखा कह रही थी कि यह बच्चा मेरा है। बस इसी बात पर दोनों में विवाद छिड़ गया।

(ख) सिपाहियों ने राजा को बताया कि, ''महाराज, ये दोनों औरतें इस बच्चे को अपना बता रही है। अब आप ही निर्णय करके इस बच्चे को उसकी असली माँ को सौंप दें।''

(ग) जब राजा ने सिपाही से यह कहा कि इस बच्चे के तलवार से दो टुकड़े कर दो तो यह सुनकर आशा चीखकर जमीन पर गिर पड़ी उसने राजा से कहा आप इसे जीवित रहने दो और विशाखा को दे दो, मैं तो इसे देखकर ही जिंदा रह लूँगी। इस प्रकार राजा ने बच्चे की असली माँ को पहचाना कि आशा ही बच्चे की असली माँ है।

(घ) अंत में आशा ने राजा से कहा कि महाराज, मेरी इस छोटी बहन को भी माफ कर दो। इसके बिना मैं अकेली रह जाऊँगी।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) विक्रम संवत् किसके नाम पर प्रारंभ हुआ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| राजा भोज | ☐ | राजा विक्रमादित्य | ☑ | राजा बीरबल | ☐ |

(ख) दोनों बहनों में छोटी कौन थी?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आशा | ☐ | विशाखा | ☑ | कोई नहीं | ☐ |

(ग) पुत्र की प्राप्ति किसे हुई?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आशा को | ☑ | विशाखा को | ☐ | दोनों को | ☐ |

(घ) बच्चा किसने छिपा दिया था?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| आशा ने | ☐ | विशाखा ने | ☑ | किसी ने नहीं | ☐ |

(ङ) राजा ने सिपाही से क्या लाने को कहा?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चाकू | ☐ | फावड़ा | ☐ | तलवार | ☑ |

**4. किसने कहा? किससे कहा?**

| | किसने कहा? | | किससे कहा? |
|---|---|---|---|
| (क) ''महाराज, ये दोनों औरतें इस बच्चे को अपना बता रही हैं, अब आप ही निर्णय कर इस बच्चे को उसकी असली माँ को सौंप दें।'' | **सिपाहियों** | ने | **राजा** से |
| (ख) ''इस बच्चे की असली माँ कौन है?'' | **राजा ने** | ने | **दोनों बहनों** से |
| (ग) ''महाराज, इसकी असली माँ मैं हूँ। मैंने तीन महीने पहले इसे जन्म दिया है।'' | **आशा** | ने | **राजा** से |
| (घ) ''नहीं, नहीं, महाराज! यह झूठ बोल रही है। यह बच्चा मेरा है। आप इसे मुझे दे दें।'' | **विशाखा ने** | ने | **राजा** से |

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

जो शब्द एक–दूसरे का समान अर्थ देते हैं, वे 'समानार्थी' या 'पर्यायवाची' शब्द कहलाते हैं; जैसे– सूरज– सूर्य, दिनकर, भास्कर आदि।

**दिए गए शब्दों के समान अर्थ वाले दो-दो शब्द लिखिए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) मांस | – | **गोश्त** | **मीट** | (ख) दिन | – | **दिवस** | **वार** |
| (ग) माँ | – | **माता** | **जननी** | (घ) औरत | – | **स्त्री** | **महिला** |

**1. 'लगना' शब्द के भिन्न-भिन्न अर्थ समझिए और इसी प्रकार के अन्य वाक्य बनाइए–**

(क) सुषमा बंदर को अपनी ओर आता देखकर चिल्लाने लगी।

(ख) मुझे लगा कि आयुष ही सचिन का सगा भाई है।

(ग) आज तुम्हें ट्युशन आने में बहुत देर लग गई।

(घ) आज पंडित जी ने माथे पर तिलक नहीं लगाया।

(ङ) माता जी को जोर की प्यास लगी है।

**2. मुहावरों का सही रूप भरकर वाक्य पूरे कीजिए–**

(क) छोटी बहन बच्चे से **ईर्ष्या करने लगी** ।

(ख) अपने पुत्र की मृत्यु पर राजा **फूट–फूटकर रोए** ।

(ग) शेरशाह ने सिंह की एक ही वार में **गरदन उड़ा दी** ।

(घ) परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर वैभव **सन्न रह गया**।

(ङ) दोनों राजकुमारों में हंस पर **विवाद छिड़ गया**।

(च) अपनी गलती महसूस होने पर रानी का लज्जा से **सिर झुक गया**।

**3. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) पृथ्वी | – | **बहनें** | (ख) बच्चा | – | **बच्चे** |
| (ग) संतान | – | **संतानें** | (घ) तलवार | – | **तलवारें** |
| (ङ) कमरा | – | **कमरे** | (च) कपड़ा | – | **कपड़े** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

3

# संत नामदेव

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए—**

(क) नामदेव जी का जन्म महाराष्ट्र के पंडरपुर स्थान पर एक दर्जी के यहाँ हुआ था।

(ख) नामदेव के पदों को अभंगवाणी कहा जाता था।

(ग) नामदेव भगवान विट्ठल के भक्त थे।

(घ) नामदेव के गुरु का नाम विसोला खेचर था।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) चोर ने नामदेव के सामने कभी झूठ न बोलने की प्रतिज्ञा की थी।

(ख) कुछ समय बाद जब चोर चोरी करने निकला और राजा भी वेश बदलकर अपनी नगरी में घूम रहा था, तब रास्ते में राजा की चोर से मुलाकात हुई।

(ग) राजा ने चोर से कहा कि यदि तुम मुझे अपने साथ लेकर चलोगे तो मैं तुम्हें महल में घुसने का गुप्त रास्ता बता दूँगा। फिर जो माल मिलेगा उसे हम आधा-आधा बाँट लेंगे।

(घ) राजा ने बेईमान प्रधानमंत्री को इसलिए हटा दिया क्योंकि संदूक में एक हीरा देखकर प्रधानमंत्री को लालच आ गया था और उसने वह हीरा अपनी जेब में रख लिया था। जिसके बारे में राजा को पता लग गया था।

(ङ) चोर की सच्चाई और ईमानदारी से प्रसन्न होकर राजा ने उसे प्रधानमंत्री बना दिया।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) नामदेव कहाँ रहते थे?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रामपुर | ☐ | पंडरपुर | ✓ | उदयपुर | ☐ |

(ख) नामदेव के पिता कौन थे?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| डॉक्टर | ☐ | दर्जी | ✓ | बढ़ई | ☐ |

(ग) चोर ने क्या प्रतिज्ञा की?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चोरी न करने की | ☐ | मेहनत करने की | ☐ | झूठ न बोलने की | ✓ |

(घ) चोर ने कितने हीरे चुराए?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तीन | ☐ | दो | ✓ | एक | ☐ |

(ङ) राजा ने चोर को क्या बनाया था?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सेनापति | ☐ | कोषाध्यक्ष | ☐ | प्रधानमंत्री | ✓ |

**4. रिक्त स्थान भरिए—**

(क) **बिट्ठल** के भक्त नामदेव भजन-कीर्तन किया करते थे।

(ख) **विसोला खेचर** नामदेव के गुरु थे।

(ग) नामदेव सभी के प्रति **दया भाव** रखते थे।

(घ) सुबह **राजमहल** में चोरी होने का शोर मच गया।

(ङ) सन् **1350** ई० में नामदेव का देहांत हो गया था।

**5. सही वाक्य पर ( ✓ ) तथा गलत वाक्य पर ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

(क) नामदेव के पिता एक दर्जी थे। ✓

(ख) नामदेव दही की कटोरी लेकर कुत्ते के पीछे भागे। ✗

(ग) संत नामदेव सच्चे अर्थों में समाज सुधारक थे। ✓

(घ) चोर ने झूठ न बोलने की प्रतिज्ञा कर ली। ✓

(ङ) चोर ने राजमहल से तीन हीरों की चोरी कर ली। ✗

**5. किसने कहा? किससे कहा?**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | ''देखो चोरी करना बुरा काम है इसे छोड़ दो।'' | **नामदेव** | ने | **चोर** | से |
| (ख) | ''मैं अनपढ़ हूँ, कोई और काम तो कर नहीं सकता।'' | **चोर** | ने | **नामदेव** | से |
| (ग) | ''सुनो, तुम कहाँ जा रहे हो?'' | **राजा** | ने | **चोर** | से |
| (घ) | ''महाराज, संदूक तो खाली है।'' | **प्रधानमंत्री** | ने | **राजा** | से |
| (ङ) | ''आपने जो अभी-अभी हीरा चुराया है उसे निकालिए।'' | **राजा** | ने | **प्रधानमंत्री** | से |



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को **संज्ञा** कहते हैं; जैसे - दिल्ली, मोहन, गुलाब आदि।

**संज्ञा शब्दों के नीचे रेखा खींचिए।**

(क) **नामदेव** एक महान **संत** थे। (ख) **पंडरपुर** **महाराष्ट्र** राज्य का एक **गाँव** है।

(ग) **महाराष्ट्र** एक विकसित **राज्य** है। (घ) **प्रधानमंत्री** बहुत लालची था।

(ङ) **राजा** वेश बदलकर **राज्य** में घूमता था। (च) **चोर** ने सदा सच बोलने का **रास्ता** अपनाया।

**1. दिये गए नामों को उचित स्थान पर लिखिए–**

(क) व्यक्ति – **राजा, संत, नामदेव**

(ख) स्थान – **जंगल, महल, भारत, महाराष्ट्र**

(ग) वस्तु – **संदूक, ताला, कलम**

**2. निम्नलिखित विलोम शब्दों को रेखा खींचकर मिलाइए–**

| | |
|---|---|
| (क) बेईमान | (i) असत्य |
| (ख) भीतर | (ii) स्वीकार |
| (ग) अस्वीकार | (iii) जीवन |
| (घ) मृत्यु | (vi) ईमानदार |
| (ङ) प्रश्न | (v) उत्तर |
| (च) सत्य | (vi) पूरा |
| (छ) आधा | (vii) बाहर |

3. **निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**
   - (क) स्वतंत्र – **हर व्यक्ति को स्वतंत्र रहने का अधिकार है।**
   - (ख) प्रभावित – **देवांश ने कविता सुनाकर कक्षा अध्यापक को प्रभावित किया।**
   - (ग) पशु-पक्षी – **दिल्ली चिड़ियाघर में बहुत-से पशु-पक्षी हैं।**
   - (घ) करुणा-भाव – **बालक की उदारता देखकर माँ का हृदय करुणा-भाव से भर आया।**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 4 साहसी सिंदबाद

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**
   - (क) सिंदबाद बगदाद का एक साहसी व्यापारी था।
   - (ख) सिंदबाद साहसपूर्ण कार्यों को करने का शौकीन था।
   - (ग) सिंदबाद और उसके साथी प्यास से व्याकुल होकर अनजान द्वीप पर इधर–उधर टहल रहे थे तो सिंदबाद थककर एक पेड़ के नीचे सो गया और जब उसकी आँखें खुली तो उसके सभी साथी उसे वहीं छोड़कर जहाज लेकर जा चुके थे। इसलिए वह अनजान द्वीप पर अकेला रहा गया।

2. **सोचकर लिखिए–**
   - (क) व्यापारी बगदाद में रहता था।
   - (ख) व्यापारी दूसरे नाविकों के साथ समुद्री यात्रा पर गया।
   - (ग) जब सिंदबाद की आँखें खुलीं तो उसने देखा कि उसके साथी नाविक वहाँ नहीं है और जिस जहाज से वो आया था वह भी उसे वहाँ नहीं मिला, जहाँ वह छोड़कर गया था।
   - (घ) सिंदबाद को दिखाई देने वाली सफेद वस्तु चिड़िया का अंडा थी।
   - (ङ) चिड़िया सिंदबाद को लेकर हीरों की घाटी में उतरी।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) व्यापारी का क्या नाम था?

बग़दाद [ ] सिंदबाद [✓] हिंदबाद [ ]

(ख) जहाज कहाँ पहुँचा?

लक्षद्वीप [ ] बग़दाद [ ] अनजान द्वीप [✓]

(ग) घाटी में दूर-दूर तक क्या बिखरे हुए थे?

हीरे [✓] पत्थर [ ] अंडे [ ]

(घ) मांस के टुकड़ों पर क्या चिपक गया था?

कागज [ ] हीरे [✓] तिनके [ ]

**4. रिक्त स्थान भरिए–**

(क) सिंदबाद **साहसपूर्ण** कार्यों का शौकीन था।

(ख) उनका जहाज एक अनजान **द्वीप** के पास पहुँचा।

(ग) अगले दिन **चिड़िया** ने आकाश में उड़ान भरी।

(घ) सिंदबाद उस समय **हीरों** की घाटी में था।

(ङ) घर पहुँचकर **सिंदबाद** बहुत खुश हुआ।

**5. सही वाक्य पर ( ✓ ) तथा गलत वाक्य पर ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

(क) सिंदबाद एक लकड़हारा था। [✗]

(ख) सिंदबाद समय-समय पर समुद्री यात्राओं पर जाता रहता था। [✓]

(ग) सभी नाविक भोजन की खोज में इधर–उधर निकल गए। [✗]

(घ) सिंदबाद को कुछ दूर काले रंग की एक बड़ी-सी वस्तु दिखाई दी। [✗]

(ङ) सिंदबाद ने अपने आपको चिड़िया की एक टाँग से बाँध दिया। [✓]



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रिया–विशेषण कहलाते हैं; जैसे– जल्दी, धीरे, अधिक, सुबह, पास, नीचे आदि।

**क्रिया-विशेषण शब्दों के नीचे रेखा खींचिए–**

मैं **रोज** दूध पीता हूँ। घोड़ा **तेज** दौड़ता है।

सब्ज़ीवाला **सुबह** आता है। रजत **धीरे–धीरे** चलता है।

**1. रिक्त स्थानों में उचित क्रिया-विशेषण भरिए–**

(क) अब वह **अन्यत्र** चला जाएगा। (ख) धूप **शीघ्र** निकल आएगी।

(ग) मेरा स्कूल **सामने** दिखाई दे रहा है। (घ) किसान **दिनभर** खेतों में मेहनत करता है।

(ङ) **आज** मंदिर में बड़ी भीड़ है।

**2. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया-विशेषण छाँटकर लिखिए–**

(क) धीरे (ख) तेज (ग) देर

(घ) शांतिपूर्वक (ङ) जल्दी

**3. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग अपने बनाए वाक्यों में कीजिए—**

(क) महाराणा प्रताप ने अकबर के साथ साहसपूर्ण युद्ध किया।
(ख) सभी नाविक जहाज पर सवार हो गए हैं।
(ग) चोर ने चोरी का पूरा किस्सा पुलिस वाले को बता दिया।
(घ) हमने शिमला में जो चट्टान देखी वह बर्फ से ढ़की थी।
(ङ) अंडमान निकोबार द्वीप का नाम है।

### मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

### रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

### परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 5 सपना

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए—**

(क) बालक के सपने में ईश्वर आये।
(ख) ईश्वर ने बालक को ज्ञान दिया।
(ग) बालक ने ईश्वर से भक्ति और ज्ञान माँगा।
(घ) ईश्वर के दर्शन से बालक में शक्ति आ गई।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) जब बालक की आँखें खुलती हैं तो वह महसूस करता है कि यह सब जो मैं देख रहा था एक सुंदर स्वप्न था, हकीकत नहीं थी।

(ख) बालक ने जो सपना देखा उसे पूरा करने का संकल्प लिया। दूसरों की भलाई करके अपने कर्त्तव्य का पालन करना है।

(ग) बालक इसलिए खुश था कि भले ही मैंने सपना देखा हो पर जो ज्ञान मेरे पास है वह तो मेरा अपना है और अब ईश्वर के दर्शन से मुझमें शक्ति आ गई है।

(घ) नेक इंसान बनने के लिए हमें अपने ज्ञान और विवेक का सही इस्तेमाल करना चाहिए। किसी का बुरा नहीं करना चाहिए और दूसरों के सुख दुख में सहयोग करना चाहिए। सदा सत्य बोलना और अपने से बड़ों का आदर करना चाहिए।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) बालक ने सपने में किसको देखा?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंदा मामा | ☐ | ईश्वर | ✓ | सूरज | ☐ |

(ख) ईश्वर ने बालक को क्या दिया?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ज्ञान | ✓ | फल | ☐ | मिठाई | ☐ |

(ग) बालक ने ईश्वर से क्या माँगा?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पूजा और फूल | ☐ | ज्ञान और भक्ति | ✓ | खिलौने और मिठाई | ☐ |

(घ) सपना पूरा करने के लिए बालक ने क्या किया?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वचन | ☐ | विचार | ☐ | संकल्प | ✓ |

**4. आशय स्पष्ट कीजिए—**

(क) प्रस्तुत पंक्ति से आशय यह है कि प्रभु ने अपने दर्शन देकर मेरे अंदर ज्ञान का संचार कर दिया है। ऐसा लगता है जैसे उन्होंने अपना बहुत सारा ज्ञान मुझे दे दिया है।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति से आशय यह है कि हमे सदैव दूसरों की भलाई और अपने कर्तव्य का पालन करना चाहिए।

**5. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए—**

(क) **आँख खुली** तो देखा
हकीकत नहीं **एक सपना था**।

(ख) तभी मैंने **संकल्प किया**
**ये सपना तो** पूरा करना है।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को **विशेषण** कहते हैं। जिस शब्द की विशेषता बताई जाती है, उसे **विशेष्य** कहते हैं; जैसे– सुंदर शहर। यहाँ '**सुंदर**' शब्द विशेषण है तथा '**शहर**' शब्द विशेष्य है।

**दिए गए वाक्यों में से विशेषण तथा विशेष्य शब्द छाँटकर लिखिए—**

| | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|
| (क) चंदननगर छोटा-सा शहर है। | **छोटा-सा** | **शहर** |
| (ख) विपिन के पिता सरकारी डॉक्टर हैं। | **सरकारी** | **डॉक्टर** |
| (ग) दुष्यंत वीर बालक है। | **वीर** | **बालक** |
| (घ) सागर शरारती बच्चा है। | **शरारती** | **बच्चा** |

**1. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए—**

(क) सपना – **सपने** (ख) शक्ति – **शक्तियाँ**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (ग) आँख | – | **आँखें** | (घ) भावना | – | **भावनाएँ** |
| (ङ) जीव | – | **जीवों** | (च) जंतु | – | **जंतुओं** |

**2. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए—**

(क) ज्ञान – ज्ञान संसार की सबसे बड़ी पूंजी है।

(ख) भलाई – **जो व्यक्ति दूसरों की भलाई करता है भगवान भी उसका भला करते हैं।**

(ग) सहायता – **हमें गरीब तथा असहाय व्यक्तियों की सहायता करनी चाहिए।**

(घ) हकीकत – **बालक ने ईश्वर को सपने में देखा था न कि हकीकत में।**

**3. समझिए और लिखिए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) ईश्वर-भक्ति | – | **ईश्वर की भक्ति** | (ख) श्रद्धा-भाव | – | **श्रद्धा का भाव** |
| (ग) नदी-तट | – | **नदी का तट** | (घ) राष्ट्र-भक्त | – | **राष्ट्र का भक्त** |
| (ङ) कार्य-क्षेत्र | – | **कार्य का क्षेत्र** | (च) मानव-मन | – | **मानव का मन** |
| (छ) जन्म-तिथि | – | **जन्म की तिथि** | (ज) जन्म-स्थान | – | **जन्म का स्थान** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 6 उदार बालक

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए—**

(क) पाठ में उड़ीसा राज्य का जिक्र हुआ है।

(ख) बालक उदास मन से घर लौटा।

(ग) रोटियों में चींटियाँ इकट्ठा हो गई थीं।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) भिखारिन नगर के मुख्य चौराहे पर बैठकर भीख माँगती थी।

(ख) चौराहे से थोड़ा आगे चलकर एक स्कूल था।

(ग) बालक ने बूढ़ी भिखारिन से पूछा कि तुम यहाँ बैठकर भीख क्यों माँगती हो।

(घ) बालक बूढ़ी भिखारिन को रोज दो रोटियाँ देता था।

(ङ) यह बालक सुभाष चंद्र बोस था।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) भिखारिन के घर में कौन नहीं था?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नौकर | ☐ | कमाने वाला | ✓ | खाने वाला | ☐ |

(ख) बालक भिखारिन को कितनी रोटियाँ देता था?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पाँच | ☐ | चार | ☐ | दो | ✓ |

(ग) बालक उदास मन से कहाँ लौट आया?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| घर | ✓ | स्कूल | ☐ | बाजार | ☐ |

(घ) अलमारी में किसकी कतार जा रही थी?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मच्छरों की | ☐ | चींटियों की | ✓ | कॉकरोचों की | ☐ |

(ङ) अलमारी को खुली देखकर बालक क्या हुआ?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सकपका गया | ✓ | खुश हुआ | ☐ | गुस्सा हुआ | ☐ |

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

(क) कटक **उड़ीसा** राज्य का एक बड़ा नगर है।

(ख) बालक को **बूढ़ी भिखारिन** पर दया आ गई।

(ग) बालक **उदास** मन से घर लौट आया।

(घ) रोटियों पर **चीटिंयों** का ढ़ेर लगा हुआ था।

(ङ) सुभाष चंद्र बोस ने देशवासियों को **जयहिंद** का नारा दिया।

**5. सही वाक्य पर ( ✓ ) तथा गलत वाक्य पर ( ✗ ) का निशान लगाइए—**

(क) बूढ़ी भिखारिन मंदिर के बाहर बैठकर भीख माँगती थी। ✗

(ख) बालक को बूढ़ी भिखारिन पर दया आ गई। ✓

(ग) भिखारिन की बात से बालक बहुत प्रभावित हुआ। ✓

(घ) बालक रोज उसे चार रोटियाँ दे जाता था। ✗

(ङ) बालक की उदारता देखकर माँ का हृदय करुणा से भर आया। ✓



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

'जल' शब्द से पहले 'स' जोड़ने पर 'सजल' शब्द बना है। इसका अर्थ है – जल से भरी हुई/भरा हुआ। यहाँ पर 'स' उपसर्ग है।

**इन शब्दों से उपसर्ग छाँटकर लिखिए—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) उदास | – | **उ** | (ख) प्रबल | – | **प्र** |
| (ग) वियोग | – | **वि** | (घ) सप्रेम | – | **स** |
| (ङ) अधमरा | – | **अध** | (च) कुलीन | – | **कु** |

1. **निम्नलिखित वाक्यों से भाववाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए—**

   (क) वीर, कायरता  (ख) ऊँचाई  (ग) उदारता

   (घ) ईमानदारी  (ङ) बुरे

2. **निम्नलिखित शब्द-समूह के लिए एक शब्द लिखिए—**

   (क) मृदुभाषी  (ख) दयावान  (ग) कर्मनिष्ठ

   (घ) भिखारी  (ङ) चौराहा

3. **रेखांकित शब्दों का लिंग बदलकर वाक्य पुनः लिखिए—**

   (क) चौराहे पर एक **भिखारिन** बैठी है।

   (ख) बालक पर **सेठानी** को दया आ गई।

   (ग) बालक को **बुढ़िया** अपनी जगह नहीं मिली।

   (घ) **माता** का हृदय करुणा से भर आया।

   (ङ) मंच पर आकर **अभिनेत्री** ने स्थान ग्रहण किया।

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 7 पर्यावरण और प्रकृति प्रेम

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए—**

   (क) ईश्वर के द्वारा सृष्टि के पाँच तत्वों की रचना हुई है।

   (ख) साँस लेने के लिए हम ऑक्सीजन गैस को अंदर लेते हैं।

(ग) हम साँस के द्वारा जो कार्बन डाइऑक्साइड निकालते हैं, उसको पेड़ दिन में लेकर रात को बाहर निकालते हैं। इसीलिए हमें रात को पेड़ के नीचे नहीं सोना चाहिए।

(घ) बारिश में पेड़ हमारे लिए छाता बन जाते हैं।

(ङ) नये जमाने के साथ आबादी और आवश्यकताएँ बढ़ने लगी।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) सृष्टि के पाँच तत्व हैं– आकाश, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वी।

(ख) ऑक्सीजन गैस का कुछ भाग हमें पेड़ों से मिलता है, क्योंकि पेड़ द्वारा छोड़ी गई कार्बन डाइऑक्साइड को ग्रहण करके ऑक्सीजन छोड़ते रहते हैं। इस प्रकार हम ऑक्सीजन गैस का कुछ भाग दिन में पेड़ों से ग्रहण करते हैं।

(ग) वास्तव में वायु में जो ऑक्सीजन गैस होती है, उसी से फेफड़े रक्त को साफ करते हैं। जिससे हमारे शरीर में रक्त संचालन सही रूप से होता रहता है।

(घ) जब तेज आँधी, तूफान आते हैं तो पेड़ एक सैनिक की तरह उस संकट का सामना डटकर करता है इसलिए पेड़ को बहादुर योद्धा कहा गया है।

(ङ) धरती को हरा-भरा रखने के लिए हमारा दायित्व बनता है कि हम प्रत्येक वर्ष कम से कम एक पेड़ अवश्य लगायें। व्यर्थ में पेड़ों का कटान न हो इसके लिए प्रयास करना चाहिए। जगह-जगह पेड़ बचाओं समितियाँ बनाकर कार्य करना चाहिए।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) पेड़-पौधे धरती के क्या हैं?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सितारे | ☐ | गहने | ☑ | कोई नहीं | ☐ |

(ख) कम पेड़ों के कारण धरती पर क्या अधिक पड़ने लगी है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| गरमी | ☑ | सरदी | ☐ | बरसात | ☐ |

(ग) नये जमाने में क्या काटे गए?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| घास | ☐ | बगीचे | ☐ | जंगल | ☑ |

(घ) पेड़ अधिक होने से मिट्टी की सतह मजबूती से रहती है।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अलग | ☐ | चिपकी | ☑ | कोई नहीं | ☐ |

(ङ) जीवन को बचाने के लिए किसको बचाना पड़ेगा?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पेड़-पौधों | ☑ | मिट्टी | ☐ | लकड़ी | ☐ |

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) ईश्वर की लीला **न्यारी** है।

(ख) वायु में **ऑक्सीजन** गैस होती है।

(ग) पेड़ रात में **कार्बन डाइऑक्साइड** गैस निकालते हैं।

(घ) पेड़-पौधे हवा को **शुद्ध** करते हैं।

(ङ) पेड़ हमारे जीवन के लिए अत्यन्त **उपयोगी** होते हैं।

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किये गये शब्दों को सर्वनाम कहते हैं।

**नीचे लिखे सर्वनामों का शुद्ध प्रयोग कीजिए—**

| | |
|---|---|
| जैसे – **मुझे** नानी के घर खूब दूध पीया। | **मैंने** नानी के घर खूब दूध पीया। |
| (क) तुम्हारे को क्या चाहिए। | **तुम्हें क्या चाहिए?** |
| (ख) उन्हीं से बात करनी है। | **उनसे बात करनी है।** |
| (ग) यदि हम ऐसा करता हूँ तो मेरी गलती होगी। | **यदि मैं ऐसा करता हूँ तो मेरी गलती होगी।** |
| (घ) तैने ऐसा क्यों नहीं किया? | **तुमने ऐसा क्यों नहीं किया।** |
| (ङ) हम एक किलो फल खाऊँगा। | **मैं एक किलो फल खाऊँगा।** |
| (च) हम आएगा तभी वह जाएगा। | **मैं आऊँगा तभी वह जाएगा।** |

**1. निम्नलिखित संज्ञा शब्दों के वचन बदल कर लिखिए—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) अण्डा | – **अण्डे** | (ख) नहरें | – **नहर** |
| (ग) बालिका | – **बालिकाएँ** | (घ) नावें | – **नाव** |
| (ङ) चटाई | – **चटाइयाँ** | (च) बौनें | – **बौना** |
| (छ) बहन | – **बहनें** | (ज) बकरियाँ | – **बकरी** |
| (झ) डाकिया | – **डाकियाँ** | (ञ) दिवारें | – **दीवार** |

**2. रेखांकित शब्दों का लिंग बदलकर वाक्यों को पुनः लिखिए—**

(क) राजा ने **दास** को सजा दी। – राजा ने **दासी** को सजा दी।

(ख) सीता का एक सौतेला **भाई** है। – सीता की एक **सौतेली** बहन है।

(ग) इसी लड़की ने एक **आदमी** को मारा है। – इसी लड़की ने एक **औरत** को मारा है।

(घ) **बाघ** ने किसान को दबोच लिया। – **बाघिन** ने किसान को दबोच लिया।

(ङ) **हाथी** झूम-झूम कर चल रहा है। – **हथिनी** झूम-झूम कर चल रही है।

**3. शब्दों का सही मिलान कीजिए—**

| | |
|---|---|
| (क) ईश्वर | (i) हरियाली |
| (ख) पौधे | (ii) ऑक्सीजन |
| (ग) बारिश | (iii) वायु |
| (घ) साँस | (vi) सृष्टि |
| (ङ) गैस | (v) छाता |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 8 सुंदर पतंग

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) पतंग का जन्म आज से ढ़ाई हजार वर्ष पहले यूनान में हुआ था।

(ख) चीन में नवें महीने का नवाँ दिन पतंग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

(ग) वाशिगंटन में 1830 ई० में पतंगों की प्रदर्शनी लगाई गई थी।

(घ) मकर संक्राति, बसंत पंचमी तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत में पतंगें उड़ाई जाती हैं।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) कोरिया की माताओं का पतंग के विषय में यह विश्वास था कि जिस पतंग पर वे अपने बच्चों का नाम तथा उनकी आवश्यकताओं को लिखती है, जब वे आकाश में उड़ेंगी तो देवदूत उन्हें पढ़कर बच्चों की आवश्यकताएँ पूरी कर देंगे।

(ख) पतंग की सहायता से पता चला कि आकाश में बिजली पैदा होती है इसको बैंजामिन फ्रैंकलिन ने पतंग उड़ाकर सिद्ध किया।

(ग) पतंग का आविष्कार ढ़ाई हजार वर्ष पहले यूनान में हुआ था।

(घ) भारत को यह उपहार पुर्तगालियों ने दिया जब वे भारतवासियों के संपर्क में आए। भारत में पतंगों का प्रचलन राजाओं और नवाबों के शौक से हुआ।

(ङ) भारत में पहला पतंग संग्रहालय गुजरात की राजधानी अहमदाबाद में खोला गया।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) पतंग का जन्म कहाँ हुआ था?

भारत में ☐ यूनान में ☑ ब्रिटेन में ☐

(ख) यूनान के व्यक्ति ने क्या देखकर पतंग बनाने के लिए सोचा?

कबूतर ☐ चिड़िया ☑ मोर ☐

(ग) कागज की पतंगों से पहले पतंग बनती थी।

ताड़ के पत्तों की ☑ खजूर के पत्तों की ☐ केले के पत्तों की ☐

(घ) कोरिया में सेनापति ने पतंग के साथ क्या बाँधा?

दीपक ☐ लालटेन ☑ मोमबत्ती ☐

(ङ) पतंग की सहायता से किसका आविष्कार हुआ?

बम ☐ बिजली ☑ रॉकेट ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) भारत को पतंग का उपहार **पुर्तगालियों** ने दिया।

(ख) चीन में नवें महीने का **नवाँ** दिन पतंग-दिवस के रूप में मनाया जाता है।

(ग) वाशिंगटन में **1830** ई० में एक पतंग प्रदर्शनी लगाई गई थी।

(घ) ग्लाइडर, पैराशूट, गुब्बारों की **प्रेरक** भी पतंग रही है।

(ङ) भारत में पहला पतंग संग्रहालय **अहमदाबाद** में बनाया गया है।

**5. सही वाक्य पर ( ✓ ) तथा गलत वाक्य पर ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

(क) पतंग भारत का आविष्कार है। ✗

(ख) यूनान में बहुत पतंग उड़ाई जाती है। ✗

(ग) चीन में मान्यता है कि पतंग उड़ाने से भूत-प्रेत भाग जाते हैं। ✓

(घ) ग्लाइडर, पैराशूट, गुब्बारों की प्रेरक पतंग रही है। ✓

(ङ) भारत में मकर संक्रान्ति, बसंत पंचमी व स्वतंत्रता दिवस पर पतंग उड़ाई जाती है। ✓



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

जिनकी विशेषता बताई जाती है, उन्हें '**विशेष्य**' कहते हैं; जैसे– मीठा / आम

मीठा → **विशेषण** आम → **विशेष्य**

**निम्नलिखित वाक्यों में से विशेष्य शब्दों को रेखांकित कीजिए–**

(क) पतंग तो बड़े **लोग** भी उड़ाते हैं।

(ख) किसी **पतंग** का आकार छोटा होता है किसी का बड़ा।

(ग) कोई **पतंग** ऊँची **छत** पर उड़ाता है कोई नीचे **मैदान** में।

(घ) राजा को **पतंगें** सजाने का शौक है।

'**आलय**' शब्द का अर्थ है– घर। किसी भी शब्द के बाद '**आलय**' शब्द जुड़ जाने से उसका अर्थ बदल जाता है। जैसे– पुस्तकालय = पुस्तक + आलय (किताबों का घर)

**अब यह बताइए–**

(क) विद्यालय – **विद्या का घर** (ख) भोजनालय – **भोजन का घर**

(ग) हिमालय – **हिम का घर** (घ) संग्रहालय – **संग्रह की गई वस्तुओं का घर**

(ङ) देवालय – **देवताओं का घर**

**1. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए–**

(क) आविष्कार – **आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है।**

(ख) उत्साह – **दौड़ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान आने पर राजेश का उत्साह और बढ़ गया।**

(ग) मकर संक्रांति – **भारत में मकर सक्रांति पर पतंग उड़ाई जाती है।**

(घ) मधुर ध्वनि – **एक पतंग ऐसी थी जिसमें से मधुर ध्वानि निकल रही थी।**

(ङ) आकर्षण – **वाशिंगटन में 1830 ई० में एक पतंग प्रदर्शनी लगाई गई जो आकर्षण का केन्द्र थी।**

**2. निम्नलिखित शब्दों के उल्टे अर्थ वाले शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) बाहर | × | **अंदर** | (ख) सुंदर | × | **बदसूरत** |
| (ग) अधिक | × | **कम** | (घ) सही | × | **गलत** |
| (ङ) खुला | × | **बंद** | (च) छोटा | × | **बड़ा** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 9 मुसकराती धूप

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) धूप धरती पर, खेत खलिहानों तथा मैदानों में छितराती है।

(ख) जाड़े में धूप सुखद लगती है और तन–मन को भाती है।

(ग) इस कविता में सूरज की धूप की बात की गई है।

(घ) बरखा में धूप हल्की होती है ऐसा लगता है जैसे शरमा रही हो।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) धूप छप्पर, पहाड़ों के शिखर तथा मकान की छतों पर बिखरती है।

(ख) गरमी की धूप बहुत तेज होती है और शरीर को झुलसाने वाली होती है इसलिए गरमी की धूप अच्छी नहीं लगती।

(ग) सुबह से लेकर शाम तक पूरा दिन धूप रहती है, ऐसा लगता है पूरा दिन थकने के बाद अब शाम को उसे आलस आ रहा है और वह अब कहीं जाकर सो गई है।

(घ) धूप हमारे शरीर के लिए अति आवश्यक होती है धूप से हमें विटामिन D मिलता है इसलिए धूप एक दवा है तथा धूप हवा के कण-कण में से होकर पहुँचती है।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) धूप कब निकलती है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुबह | ☑ | शाम | ☐ | दोपहर | ☐ |

(ख) गरमी में धूप कैसी होती है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सुहावनी धूप | ☐ | कड़क धूप | ☑ | सामान्य धूप | ☐ |

(ग) घर में घुसकर धूप क्या करती है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अलसाती है | ☐ | लजाती है | ☑ | सुस्ताती है | ☐ |

(घ) धूप से हमें कौन-सा विटामिन मिलता है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| विटामिन ए | ☐ | विटामिन बी | ☐ | विटामिन डी | ☑ |

**4. आशय स्पष्ट कीजिए–**

(क) प्रस्तुत पंक्ति से आशय है कि हवा के छोटे से छोटे कण में भी धूप अपने आप समा जाती है और हम तक आसानी से पहुँचती है इसलिए हवा दवा है।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति से आशय है कि धीरे–धीरे शाम होने लगी है और जैसे सारा दिन निकलने के बाद अब उसे आलस आना शुरू हो गया है और अब वह कहीं जाकर सोने वाली है।

**5. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए–**

(क) **बिखर–बिखर** कर छप्पर छत पर,
धरती पर **छितराई धूप**।

(ख) तपती रहती **मन झुलसाती** ,
**बरखा में** शरमाई धूप।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

ऐसे शब्द जो पूरी जाति के नाम होते हैं, वे जातिवाचक संज्ञा कहलाते हैं; जैसे– खेत, खलिहान, फूल, कली आदि। ये संज्ञा शब्द किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम नहीं हैं। अपनी पूरी जाति या वर्ग को सूचित करते हैं।

**कविता में से तीन जातिवाचक शब्द लिखिए–**

(क) गली (ख) दवा (ग) शिखर (घ) डाली

**1. दिए गए शब्दों में 'ता' लगाकर नया शब्द बनाइए– ( ये सभी शब्द भाववाचक संज्ञाए कहलाते हैं। )**

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सुंदर | + | ता | = | **सुंदरता** | (ख) | स्वच्छ | + | ता | = | **स्वच्छता** |
| (ग) | सफल | + | ता | = | **सफलता** | (घ) | मनुष्य | + | ता | = | **मनुष्यता** |
| (ङ) | असमर्थ | + | ता | = | **असमर्थता** | (च) | अध्यक्ष | + | ता | = | **अध्यक्षता** |

**2. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | सुबह | × | **शाम** | (ख) | शिखर | × | **आधार** |
| (ग) | धरती | × | **आकाश** | (घ) | गरमी | × | **सरदी** |
| (ङ) | दिन | × | **रात** | (च) | शीतल | × | **उष्ण** |

**3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | झाड़ी | – | **झाड़ियाँ** | (ख) | खिड़की | – | **खिड़कियाँ** |
| (ग) | हवा | – | **हवाएँ** | (घ) | राह | – | **राहें** |
| (ङ) | गली | – | **गलियाँ** | (च) | कली | – | **कलियाँ** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 10 कबीरदास जी के दोहे

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) दूसरों को फल वृक्ष देता है।

(ख) सज्जन व्यक्तियों के साथ मित्रता करने में देर नहीं करनी चाहिए।

(ग) जो व्यक्ति दूसरों को सुख देते है, उन्हें भी सुख प्राप्त होता है।

(घ) गुरू ईश्वर तक पहुँचने वाला मार्ग बताता है।

(ङ) हिरन की नाभि में कस्तूरी पाई जाती है।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) साधु शब्द सज्जन व्यक्ति के लिए प्रयोग किया गया है। हमें सज्जन व्यक्तियों से मित्रता करने में देर नहीं करनी चाहिए क्योंकि सज्जन व्यक्तियों की संगति पाकर हमारी कुबुद्धि भी सद्बुदधि में परिवर्तित होने लगती है अर्थात् दुर्जन व्यक्ति भी सज्जन व्यक्ति बन जाता है।

(ख) कबीरदास जी कहते हैं कि गुरु हमारे मन से अहंकार, मोह-माया को दूर करने और ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग बताता है इसलिए गुरु को महत्व दिया गया है।

(ग) हाँ, ईश्वर प्रत्येक व्यक्ति के अंदर है लेकिन मोह-माया तथा अहंकारवश उसे इसका ज्ञान नहीं होता न ही वह किसी गुरु की शरण में जाता है जो उसे ईश्वर तक पहुँचाने का मार्ग बता सके और मनुष्य ईश्वर की खोज में इधर-उधर भटकता रहता है जिस प्रकार कस्तूरी मृग के अंदर होती है परंतु वह उसकी तलाश में वन में भटकता फिरता है।

(घ) हाँ, मेरे मन में परोपकार की भावना है। मैं किसी का बुरा नहीं करता और दीन दुखियों की सहायता करके तथा निर्धन व्यक्ति को दान देकर उनकी सहायता करता हूँ?

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग कौन बतलाता है?

शिष्य ☐ गुरु ☑ व्यक्ति ☐

(ख) मनुष्य को क्या त्यागना चाहिए?

अहंकार ☑ विचार ☐ सज्जनता ☐

(ग) दूसरों की भलाई कौन चाहता है?

दुष्ट व्यक्ति ☐ सज्जन ☑ कोई नहीं ☐

(घ) ईश्वर कहाँ रहता है?

मन-मंदिर में ☑ घर में ☐ तीर्थ स्थानों में ☐

**4. आशय स्पष्ट कीजिए—**

(क) प्रस्तुत पंक्ति से आशय है कि जब गुरु और भगवान एक साथ खड़े हो, तब पहले हमें किन्हें प्रणाम करना चाहिए। कबीरदास जी कहते है कि गुरु ने ही भगवान से हमारा परिचय कराया है इसलिए गुरु का स्थान भगवान से भी ऊँचा है।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति से आशय है कि जिस प्रकार एक वृक्ष कभी भी अपने फलों को नहीं खाता और नदी भी अपना जल नहीं पीती उसी प्रकार सज्जन पुरुष भी अपना सारा धन और जीवन लोक कल्याण के लिए लगा देते हैं।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होने वाले सभी शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

**निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम का प्रयोग कीजिए—**

(क) राम मेरा मित्र है।— **वह** मेरा मित्र है।

(ख) **उसको** भी एक चॉकलेट दो।

(ग) **वह** आज यहाँ नहीं आयेगी।

(घ) **उसके** भाई ने परीक्षा में अच्छे अंक पाये हैं।

(ङ) **उसकी** माता जी आज बीमार हैं।

(च) **वह** पढ़ने में होशियार है।

1. **नीचे लिखे शब्दों के सामने दिए गए शब्दों में से दो-दो पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर लिखिए—**


वाणी, वृक्ष, जंगल, गुरु, दुर्जन, सुलभ, आचार्य, सुगम, तरु, वन, शब्द, अधम

(क) वचन – **वाणी शब्द** (ख) शिक्षक – **गुरु आचार्य**
(ग) पेड़ – **वृक्ष तरु** (ग) दुष्ट – **दुर्जन अधम**
(ङ) कानन – **जंगल वन** (घ) सरल – **सुलभ सुगम**

2. **नीचे दिए शब्दों के तत्सम शब्द लिखिए—**

(क) छिमा – **क्षमा** (ख) सिंचै – **सींचना**
(ग) पाँय – **पैर** (घ) वृच्छ – **वृक्ष**
(ङ) कुडलि – **नाभि** (च) काके – **किसके**
(छ) आँखिन – **आँख** (ज) मिलिया – **मिलना**

3. **शब्दों का सही मिलान कीजिए—**






## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।



## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।



## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।




# हमारे प्रथम राष्ट्रपति

## अभ्यास (EXERCISE)



## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए—**

(क) गज्जन भवन में पानी से भरी बाल्टियाँ ले जा रहा था।

(ख) व्यक्ति ने गज्जन से नहाने के लिए एक बाल्टी पानी माँगा।

(ग) उस व्यक्ति ने कंधे पर अंगोछा डाल रखा था।
(घ) मदन मोहन मालवीय जी ने गज्जन को उस व्यक्ति का परिचय कराया।
(ङ) गज्जन भवन में सबके सामने शरबत के गिलास परोस रहा था।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) क्योंकि भवन में बड़े–बड़े लोग जमा थे इसलिए वह उन लोगों के नहाने के लिए हर कमरे में पानी पहुँचा रहा था।
(ख) उस व्यक्ति ने गज्जन से बाल्टी इसलिए माँगी क्योंकि उसे नहाना था।
(ग) गज्जन ने उस व्यक्ति को बाल्टी इसलिए नहीं दी क्योंकि उसको भवन के प्रत्येक कमरे में बड़े–बड़े लोगों के नहाने का पानी शीघ्र पहुँचाता था और वह अकेला ही यह कार्य कर रहा था।
(घ) वह व्यक्ति जल्दी–जल्दी भरी हुई बाल्टियाँ गज्जन को पकड़ाने लगा और जल्दी ही सारे कमरों में दोनों ने मिलकर पानी पहुँचा दिया। इस प्रकार उस व्यक्ति ने गज्जन की सहायता की।
(ङ) उस व्यक्ति को देखकर गज्जन इसलिए हक्का-बक्का रह गया कि यह तो वही है जिनसे मैंने अपने साथ काम करवाया और नहाने के लिए बाल्टी भी नहीं दी।
(च) • राजेंद्र बाबू सादगी के पुजारी थे। उन्होंने अपना जीवन साधारण किसान की तरह व्यतीत किया। • राजेंद्र बाबू भारत के पहले राष्ट्रपति थे। फिर भी उन्हें अपने पद का घमंड छू तक नहीं पाया।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) राजेंद्र बाबू की मुलाकात गज्जन से कब हुई?
कपड़े धोते समय ☐ पानी भरते समय ☑ खाना खाते समय ☐
(ख) राजेंद्र बाबू कैसा जीवन व्यतीत करते थे?
किसान जैसा ☑ वैभवपूर्ण ☐ रईसों जैसा ☐
(ग) हमारे देश के प्रथम राष्ट्रपति कौन थे?
महात्मा गाँधी ☐ जवाहर लाल नेहरू ☐ डॉ० राजेंद्र प्रसाद ☑
(घ) स्वयंसेवक नेताओं को क्या परोस रहे थे?
जल ☐ शरबत ☑ दूध ☐

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) गज्जन ने **नल** से बाल्टी भरी।
(ख) कंधे पर **अंगोछा** डाले हुए एक व्यक्ति वहाँ आया।
(ग) जल्दी ही सारे **कमरों** में दोनों ने मिलकर पानी पहुँचा दिया।
(घ) थोड़ी देर बाद **सभा** शुरु हो गई।
(ङ) गज्जन राजेंद्र बाबू के पैर पकड़कर **क्षमा** माँगने लगा।

**5. सही वाक्य पर ( ✓ ) तथा गलत वाक्य पर ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

(क) गज्जन दौड़-दौड़ कर पानी की बाल्टियाँ आँगन में रख रहा था। ☒
(ख) व्यक्ति के हाथ में धोती और लोटा था। ☑

(ग) व्यक्ति ने गज्जन से एक लोटा पानी नहाने के लिए माँगा। ✗

(घ) गज्जन थक गया और बैठकर आराम करने लगा। ✓

(ङ) राजेंद्र बाबू सादगी के पुजारी थे। ✓

## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

'काल' - समय । वे शब्द जो कार्य के होने का समय बोध कराते हैं, उसे काल कहते हैं। काल के तीन भेद हैं– 1. भूतकाल 2. वर्तमानकाल 3. भविष्यकाल

**निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया-शब्द और काल भेद बताइए–**

(क) गज्जन नल से पानी भर रहा था। (ख) वह एक बाल्टी नल के नीचे रख देगा।

(ग) दूसरी बाल्टी भवन में रख देना। (घ) तुम नहा लिए।

(ङ) अरे! यह तो वही है, जिनसे मैंने काम करवाया था।

**क्रिया-शब्द** 1. रहा था। 2. रख देगा 3. रख देना 4. नहा लिए 5. करवाया था

**काल-भेद** 1. भूतकाल 2. भविष्यत काल 3. वर्तमान काल 4. भूत काल 5. भूत काल

**1. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) बाल्टी | – | **बाल्टियाँ** | (ख) लोटा | – | **लोटे** |
| (ग) कंधा | – | **कंधे** | (घ) अंगोछा | – | **अंगोछे** |
| (ङ) किताब | – | **किताबें** | (च) कमरा | – | **कमरे** |

**2. शब्दों का सही मिलान कीजिए–**

| | |
|---|---|
| (क) अंगोछा | (i) पानी |
| (ख) नल | (ii) हक्का-बक्का |
| (ग) गज्जन | (iii) शरबत |
| (घ) प्रथम राष्ट्रपति | (iv) कंधा |
| (ङ) गिलास | (v) डॉ० राजेंद्र प्रसाद |

**3. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) भवन | – | **गृह** | **घर** | (ख) शरीर | – | **तन** | **काया** |
| (ग) पानी | – | **जल** | **नीर** | (घ) जगत | – | **संसार** | **दुनिया** |
| (ङ) व्यक्ति | – | **आदमी** | **मनुष्य** | (च) घमंड | - | **अहंकार** | **अभिमान** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 12 कायापलट

## अभ्यास (EXERCISE)

### पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**

   (क) भूमि और शरद गरमियों की छुट्टी में गाँव गये थे।

   (ख) भूमि और शरद धरमपुर गाँव गए थे।

   (ग) चाचा जी धरमपुर गाँव की डिस्पेंसरी के इंचार्ज बनकर आए थे।

   (घ) भूमि और शरद ने अपने चाचा जी से वादा लिया कि जब वे शहर वापस चले जाएँगे तो वह गाँव के इन बच्चों का ध्यान रखेंगे।

   (ङ) बच्चों ने शहर आते समय भूमि और शरद को अपनी कमाई से एक–एक उपहार दिया।

2. **सोचकर लिखिए–**

   (क) गाँव आकर भूमि और शरद ने देखा कि इस गाँव में बहुत गरीबी है और यहाँ के बच्चे मिट्टी में खेलने और गंदे रहने के कारण अधिकतर बीमार रहते हैं। यह देखकर दोनों का मन दुखी हुआ।

   (ख) भूमि और शरद ने बच्चों की स्थिति सुधारने तथा उन्हें पढ़ाने का संकल्प लिया और अपने मन की बात चाचा जी को बताकर उन्हें समझाया।

   (ग) भूमि और शरद ने बच्चों को सीधे इसलिए नहीं पढ़ाया क्योंकि गरीबी के कारण बच्चों ने स्कूल का मुँह तक नहीं देखा था और न ही कागज, पेंसिल को देखा था।

   (घ) भूमि और शरद ने बच्चों को लिफाफे, पतंग, फिरकी और राखी बनाना सिखाया।

   (ङ) जब भूमि और शरद ने अपनी छुट्टियों के बारे में टीचर से बताया तो टीचर ने उनकी कहानी सुनकर उनको गले से लगाकर कहा कि नन्हें बच्चों तुम्हें पता भी है तुम कितना महान कार्य करके आये हो।

   (च) भूमि और शरद ने बच्चों को पढ़ाई के साथ–साथ लिफाफे, पतंग, फिरकी, राखी बनाना सिखाकर तथा उनको शहर में बेचकर पैसे कमाने का तरीका बताया और एक बार का कच्चा माल अपने चाचा जी से कहकर मँगवा दिया। जिससे धीरे–धीरे गाँव वालों की गरीबी दूर हो गई।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) भूमि और शरद ने गर्मी की छुट्टियाँ कहाँ बिताई?

सज्जनपुर ☐ चंदनगढ़ ☐ धरमपुर ✓

(ख) चाचा जी कहाँ के इंचार्ज बन कर आये थे?

स्कूल के ☐ डिस्पेंसरी के ✓ कॉलेज के ☐

(ग) गाँव वाले कैसे थे?

अमीर ☐ गरीब ✓ न अमीर न गरीब ☐

(घ) बच्चों ने शरद और भूमि को क्या दिया?

उपहार ✓ नफ़रत ☐ कागज ☐

**4. सही वाक्य पर ( ✓ ) तथा गलत वाक्य पर ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

(क) भूमि और शरद ग्रीष्मकालीन अवकाश में ननिहाल गए। ✗

(ख) बच्चों को पहली बार गाँव आकर बहुत अच्छा लग रहा था। ✓

(ग) चाचा जी गाँव की डिस्पेंसरी के इंचार्ज थे। ✓

(घ) गरीबी के कारण गाँव के बच्चे स्कूल नहीं जाते थे। ✓

(ङ) गाँव के बच्चों ने कभी आम नहीं खाया था। ✗



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

(क) मेहनत × **कामचोरी** (ख) गुण × **अवगुण**

(ग) सरल × **कठिन** (घ) दिन × **रात**

(ङ) सफल × **असफल** (च) बुराई × **अच्छाई**

**2. लिंग बताइए–**

(क) पतंग – **स्त्रीलिंग** (ख) मुनाफा – **पुल्लिंग**

(ग) पेंसिल – **स्त्रीलिंग** (घ) छुट्टियाँ – **स्त्रीलिंग**

(ङ) लिफाफा – **पुल्लिंग** (च) स्कूल – **पुल्लिंग**

**3. निम्नलिखित शब्दों का सही मिलान कीजिए–**

| | |
|---|---|
| (क) व्यर्थ न गंवाना | (i) मुसीबत में |
| (ख) संकल्प करना | (ii) अपने पर |
| (ग) हौसला रखना | (iii) समय को |
| (घ) गर्व करना | (iv) किसी बात का |

**4. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन बनाइए–**

(क) पेंसिल – **पेंसिलें** (ख) बड़ा – **बड़े**

(ग) आकृति – **आकृतियाँ** (घ) छोटा – **छोटे**

(ङ) फरिश्ता – **फरिश्ते** (च) बच्चा – **बच्चे**

5. **खाली स्थान में हैं/है का प्रयोग करके वाक्य पूरे कीजिए–**

(क) दूसरों की भलाई सबसे बड़ा धर्म **है**।

(ख) डॉक्टर चाचा आप सबको इंजेक्शन लगाते **हैं**।

(ग) सारे गाँव वाले गरीब **हैं**।

(घ) दूसरों का ध्यान रखने वालों को सब प्यार करते **हैं**।

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 13 नीम

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**

(क) नीम सूरज की किरणों के साथ मिलकर हवा को शुद्ध करता है।

(ख) नीम की सूखी पत्तियों को जलाकर उनके धुएँ से मक्खी-मच्छर भाग जाते हैं।

(ग) निबौरी को नीम का फल कहते हैं।

2. **सोचकर लिखिए–**

(क) नीम की सूखी पत्तियाँ मक्खी, मच्छर और कीड़ों को भगाने के काम आती हैं।

(ख) नीम की हरी पत्तियों को उबालकर तथा ठंडा करके उस पानी से नहाने पर चर्म रोग सही हो जाता है।

(ग) रक्त को साफ करने के लिए नीम की नन्हीं कोपलों को चबाकर खाना चाहिए।

(घ) हाँ नीम का प्रत्येक अंग उपयोगी होता है। नीम की हरी पत्तियाँ चर्म रोग को दूर करने में, इसकी कोपलें रक्त को साफ करने में, निबौरी पेट की बीमारियों को दूर करने में तथा इसकी सूखी पत्तियाँ मक्खी, मच्छर तथा कीड़ों को भगाने के काम आती हैं। इसके अतिरिक्त नीम हवा को शुद्ध करता है।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) नीम की पत्तियों को पानी में उबालकर, उस पानी को किस रोग में प्रयोग करते हैं?

हृदय रोग में ☐ चर्म रोग में ☑ जुकाम में ☐

(ख) नीम की कोपलें किसको साफ करने के काम आती हैं?

तेल ☐ जल ☐ रक्त ☑

(ग) नीम का फल क्या कहलाता है?

निबौरी ☑ गुठली ☐ कली ☐

(घ) नीम की छाया कैसी होती है?

गरम ☐ शीतल ☑ दोनों ☐

(ङ) नीम सूरज की किरणों के साथ किसको शुद्ध करता है?

पानी ☐ धूप ☐ हवा ☑

**4. आशय स्पष्ट कीजिए–**

(क) प्रस्तुत पंक्ति से आशय है कि नीम कहता है कि मेरी हरी पत्तियाँ, निबौरी तथा कोपलें औषधीय गुणों से युक्त होती हैं। इस प्रकार मैं बहुत ही लाभकारी एवं गुणकारी हूँ।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति के द्वारा नीम कहता है कि मैं प्रत्येक व्यक्ति को गरमी के दिनों में शीतल छाया प्रदान करता हूँ और सूर्य की किरणों के साथ मिलकर वायु को शुद्ध करता हूँ और मेरा प्रत्येक अंग किसी न किसी काम आता है। जब मैं आप लोगों को इतने सुख देता हूँ तो मुझे काटकर आपको कोई लाभ नहीं होगा।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

पुरुष व स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द 'लिंग' कहलाते हैं; जैसे– पेड़ - पुल्लिंग, लता - स्त्रीलिंग ।

**निम्न वाक्यों को पढ़ो, समझो और दिए गए शब्दों के लिंग लिखिए–**

(क) नीम बहुत कड़वा वृक्ष होता है।

(ख) इसकी नन्ही- नन्ही कोपलों से रक्त शुद्ध होता है।

(ग) इसके फल से पेट की बीमारियाँ दूर होती हैं।

(घ) नीम को रक्त शोधक भी कहते हैं।

(ङ) हमें अपने आस-पास के वृक्षों की रक्षा करनी चाहिए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नीम – | **पुल्लिग** | कोपलें – | **स्त्रीलिंग** | वृक्ष – | **पुल्लिग** |
| फल – | **पुल्लिग** | रक्त – | **पुल्लिग** | पेट – | **स्त्रीलिंग** |

**1. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए–**

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) पत्ती – | **पत्तियाँ** | (ख) बीमारी – | **बीमारियाँ** |
| (ग) फुंसी – | **फुंसियाँ** | (घ) किरण – | **किरणें** |
| (ङ) कोपल – | **कोपलें** | (च) हवा – | **हवाएँ** |
| (छ) गुठली – | **गुठलियाँ** | (ज) फोड़ा – | **फोड़े** |

2. **अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए–**

(क) गुठली (ख) कोपलें (ग) चर्म रोग (घ) निबौरी

3. **शब्द के बाद शब्दांश लगाकर हम नया शब्द बनाते हैं जैसे 'गुण' शब्द के बाद 'कारी लगाने से नया शब्द 'गुणकारी' बना। इस शब्दांश को 'प्रत्यय' कहते हैं। नीचे दिये गए शब्दों में 'कारी' लगाकर नए शब्द बनाइए–**

(क) लाभ – **लाभकारी** (ख) सुख – **सुखकारी**

(ग) आज्ञा – **आज्ञाकारी** (घ) क्रांति – **क्रांतिकारी**

(ङ) हित – **हितकारी** (च) कष्ट – **कष्टकारी**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 14 हमारा स्वास्थ्य

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**

(क) रमन ने अपने घर के पास स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों को देखा। वे दवा का छिड़काव कर रहे थे।

(ख) स्वास्थ्य कर्मचारी मोहल्लों तथा कॉलोनियों में जाकर वहाँ की नालियों तथा गंदगी वाले स्थान पर डी०डी०टी० पाउडर का छिड़काव करते हैं।

(ग) अधिकतर बीमारियाँ साफ-सफाई का ध्यान न रखने से फैलती हैं।

(घ) हमें कटे हुए फल और कई दिन पहले बनी हुई खाने की चीज़े नहीं खानी चाहिए।

2. **सोचकर लिखिए–**

(क) अधिकतर बीमारी के कीटाणु मक्खी, मच्छर, चूहों तथा गंदगी से उत्पन्न होते हैं।

(ख) कीटाणुओं से बचने के लिए हमें नालियों, पानी से भरे गड्डों, कूलरों में मिट्टी का तेल डालना चाहिए और नालियों तथा गंदगी वाली जगहों पर स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों से डी०डी०टी० पाउडर का छिड़काव करवाना चाहिए। साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

(ग) स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी चेचक, हैजा आदि बीमारियों की रोकथाम के टीके लगाते हैं।

(घ) पीने के पानी में क्लोरीन नामक दवा इसलिए डाली जाती है जिससे कि पानी में उपस्थित हानिकारक कीटाणुओं को नष्ट करके पानी शुद्ध किया जा सके।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) रमन की माँ क्या है?

अध्यापिका [✓] चिकित्सक [ ] बैंककर्मी [ ]

(ख) खाने-पीने की चीज़ों को कैसे रखना चाहिए?

काटकर [ ] खोलकर [ ] ढककर [✓]

(ग) बरसात के मौसम में पानी कैसे पीना चाहिए?

उबालकर [✓] भरकर [ ] गटककर [ ]

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) यह **दवा** का छिड़काव कर रहे हैं।

(ख) यह **रोग** को फैलने से रोकते हैं।

(ग) बीमारियों के **कीटाणु** गंदगी से उत्पन्न होते हैं।

(घ) अधिकतर बीमारियाँ **साफ-सफाई** का ध्यान न रखने से होती हैं।

(ङ) खाने-पीने की चीज़ों को **ढककर** रखना चाहिए।

(च) हमें बरसात के मौसम में पानी **उबालकर** पीना चाहिए।

**5. सही वाक्य पर ( ✓ ) तथा गलत वाक्य पर ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

(क) रमन ने लोगों को नालियों में कूड़ा फेंकते देखा। [✗]

(ख) बीमारियाँ साफ़-सफ़ाई का ध्यान न रखने से होती हैं। [✓]

(ग) चूहे, मक्खी, मच्छर भी बीमारियाँ फैलाते हैं। [✓]

(घ) कूलरों के पानी में मिट्टी का तेल नहीं डालना चाहिए। [✗]

(ङ) टीके लगवाने से बीमारियाँ फैलती हैं। [✗]

(च) हमें अपने आस-पास सफ़ाई रखनी चाहिए। [✓]



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

संज्ञा या सर्वनाम शब्द के जिस रूप से उसकी संख्या का पता चले, वह 'वचन' कहलाता है।

वचन दो तरह के होते हैं– 'एकवचन' और 'बहुवचन'।

**एकवचन–** शब्द के जिस रूप से उसके एक होने का पता चलता है, उसे 'एकवचन' कहते हैं; जैसे– लड़का, किताब आदि।

**बहुवचन–** शब्द के जिस रूप से उसके एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे 'बहुवचन' कहते हैं; जैसे– लड़कें, किताबें आदि।

**दिए गए शब्दों के बहुवचन शब्द लिखिए–**

(क) चूहा – **चूहे** (ख) नाली – **नालियाँ** (ग) अध्यापिका – **अध्यापिकाएँ**

(घ) बीमारी – **बीमारियाँ** (ङ) मक्खी – **मक्खियाँ** (च) बात – **बातें**

**1. दिए गए शब्दों के वर्ण अलग-अलग कीजिए–**

(क) गंदगी – ग् + अं + द् + अ + ग् + ई

(ख) छिड़काव – छ् + इ + ड़् + अ + क् + आ + व् + अ

(ग) स्वास्थ्य – स् + व् + आ + स् + थ् + य् + अ

(घ) कर्मचारी – क् + र् + अ + म् + अ + च् + आ + र् + ई

(ङ) देखभाल – द् + ए + ख् + अ + भ् + आ + ल् + अ

**2. दिए गए वाक्यों में संज्ञा शब्दों के नीचे रेखा खींचिए–**

(क) रमन अच्छा है।

(ख) मच्छर पनपने से बीमारियाँ होती हैं।

(ग) उसकी माँ अध्यापिका है।

(घ) यह स्वास्थ्य केंद्र है।

(ङ) गाँव को साफ़ रखना चाहिए।

(च) हमें कोई बीमारी नहीं होनी चाहिए।

**3. ज / ज़ तथा फ / फ़ का प्रयोग करके दो-दो शब्द लिखिए–**

(क) ज – **जनता** **जल**

(ख) फ – **फल** **फलदायी**

(ग) ज़ – **हैज़ा** **ज़रूरी**

(घ) फ़ – **साफ़** **सफ़ाई**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 15 पराजित सिकंदर

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) सिकंदर ने राजा पुरु को युद्ध में पराजित किया था इसलिए वह प्रसन्न था।

(ख) सिकंदर के सैनिक शिविर में जश्न मना रहे थे।

(ग) सिंकद की आँखों के सामने लूटपाट और मार-धाड़ के दृश्य नाचने लगे।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) सिकंदर ने युद्ध में राजा पुरु को परास्त किया।

(ख) सिकंदर को इधर–उधर घूमते हुए तबाही और बरबादी का दृश्य दिखाई दिया और थोड़ी देर बाद घूमते–घूमते जब वह नदी किनारे पहुँचा तो वहाँ उसे धूनी रमाए कुछ साधू दिखाई दिये।

(ग) वृद्ध साधु ने सिकंदर से कहा कि यदि तुम वास्तव में विश्व विजेता बनना चाहते हो तो तुम लोगों के हृदयों की जीतने का और उन्हें खुशियाँ देने का प्रयास करो। क्योंकि एक लुटेरा एक ही साथ विजेता और दाता नहीं बन सकता।

(घ) साधु की बात सुनकर सिकंदर को अपनी भूल का अहसास हो रहा था। मासूम बच्चों, असहाय स्त्रियों की भीषण चीत्कारें उसके कानों में गूँज रही थी। लूटपाट और मार-धाड़ के दृश्य उसकी आँखों के आगे नाचने लगे थे और अब वह अपने आपको जीतकर भी पराजित महसूस कर रहा था।

(ङ) साधु की बातें सुनकर सिकंदर का हृदय परिवर्तित हो गया था। वह समझ गया था कि विश्व विजेता बनने के लिए युद्ध करना आवश्यक नहीं है। उसने साधुओं को झुककर प्रणाम करके कहा कि मुझे मेरे अपराधों के लिए क्षमा करें। अब मैं विश्व विजेता नहीं बनना चाहता। अतः उसने शिविर में वापस आकर स्वदेश लौटने की घोषणा कर दी।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) सिकंदर और किसके मध्य युद्ध हुआ था?

शिवाजी ☐ पुरु ☑ अकबर ☐

(ख) सिकंदर ने युद्ध जीतकर कितने दिन खुशियाँ मनाई?

तीन ☑ चार ☐ पाँच ☐

(ग) सिकंदर घूमता-घूमता कहाँ पहुँचा?

तालाब के किनारे ☐ गाँव के किनारे ☐ नदी के किनारे ☑

(घ) नदी के किनारे कौन बैठे थे?

साधु ☑ शिकारी ☐ गाँव वाले ☐

(ङ) सिकंदर क्या लेकर साधुओं के पास गया?

कंबल ☐ ऊनी कपड़े ☐ दोनों ☑

**4. किसने कहा? किससे कहा?**

| | किसने कहा? | किससे कहा? |
|---|---|---|
| (क) "आप थोड़ी देर ठहरें, मैं कुछ चुने हुए सैनिकों को लेकर आपके साथ चलता हूँ।" | **सेनापति** ने | **सिकंदर** से |
| (ख) "नहीं, मैं नहीं चाहता कि कोई मेरे साथ चले।" | **सिकंदर** ने | **सेनापति** से |
| (ग) "क्या आप विश्व-विजेता सिकंदर हो? तुम स्वयं बताओं कि एक लुटेरा किस प्रकार एक ही साथ विजेता और दाता बन सकता है।" | **वृद्ध साधु** ने | **सिकंदर** से |

(घ) ''महाराज! आज तक मैं किसी युद्ध में पराजित नहीं हुआ। परंतु आप लोगों के सम्मुख आज मैं अपनी पराजय स्वीकार करता हूँ।'' **सिकंदर** ने **साधुओं** से

(ङ) ''हम लोग प्रातः स्वेदश लौट जाएँगे। मैं अब विश्व-विजेता नहीं बनना चाहता।'' **सिकंदर** ने **सेना** से

**5. सही वाक्य पर ( ✓ ) तथा गलत वाक्य पर ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

(क) सैनिक शिविर में दुःख मना रहे थे। ✗

(ख) सिकंदर साधारण कपड़े पहनकर घोड़े पर सवार होकर निकल पड़ा। ✓

(ग) गरमी की दोपहर में साधु धूनी रमाए बैठे थे। ✗

(घ) सिकंदर को वृद्ध साधु के प्रश्न पर कोई उत्तर न सूझा। ✓

(ङ) सिकंदर ने साधुओं को कंबल और ऊनी वस्त्र दिए। ✓



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. दिए गए वाक्य किस प्रकार के हैं? लिखिए–**

(क) सिकंदर विश्व-विजेता कहलाया। – **साधारण वाक्य**

(ख) क्या खड़गसिंह ने बाबा भारती का घोड़ा चुरा लिया था। – **प्रश्नवाचक वाक्य**

(ग) नहीं, मैंने चित्तौड़गढ़ का किला नहीं देखा। – **नकारात्मक वाक्य**

(घ) साधुओं की दशा देखकर सिकंदर का हृदय पिघल गया। – **साधारण वाक्य**

(ङ) वह कभी मेरी बात नहीं मानता। – **नकारात्मक वाक्य**

**2. 'इक' जोड़कर लिखिए–**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) संसार | + | इक | = | **सांसारिक** | (ख) वेद | + | इक | = | **वैदिक** |
| (ग) सप्ताह | + | इक | = | **साप्ताहिक** | (घ) मास | + | इक | = | **मासिक** |
| (ङ) वास्तव | + | इक | = | **वास्तविक** | (च) नागर | + | इक | = | **नागरिक** |
| (छ) पुराण | + | इक | = | **पौराणिक** | (ज) राजनीति | + | इक | = | **राजनीतिक** |
| (झ) भूगोल | + | इक | = | **भौगोलिक** | (ञ) व्यक्ति | + | इक | = | **व्यैक्तिक** |

**3. समान अर्थ वाले शब्दों से मेल मिलाकर लिखिए–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (क) प्रसन्न | (i) अँधेर | **प्रसन्न** | = | **खुश** |
| (ख) संग | (ii) गुस्सा | **संग** | = | **साथ** |
| (ग) अंधकार | (iii) नजर | **अंधकार** | = | **अँधेरा** |
| (घ) प्रबंध | (iv) खुश | **प्रबंध** | = | **इंतजाम** |
| (ङ) क्रोध | (v) कोशिश | **अंधकार** | = | **अँधेरा** |
| (च) दृष्टि | (vi) इंतजाम | **दृष्टि** | = | **नजर** |
| (छ) प्रयत्न | (vii) साथ | **प्रयत्न** | = | **कोशिश** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 16 सत्य की जीत

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए–**

(क) विवेकानंद जी का बचपन का नाम नरेंद्र नाथ दत्त था।

(ख) नरेंद्र इस बात पर अटल थे कि संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन है न्यूर्याक नहीं।

(ग) संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन है।

(घ) वेणुगोपाल जी के कक्षा में आते ही कक्षा में चुप्पी छा गई।

**2. सोचकर लिखिए–**

(क) जब नरेंद्र ने वेणुगोपाल जी से पूरी हिम्मत के साथ कहा कि, गुरु जी यदि मैं आपकी बात मान भी लूँ, तो भी संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन हीं रहेगी, बदल तो नहीं जाएगी। यह जवाब वेणुगोपाल जी को सहन नहीं हुआ और उन्होंने छड़ी से नरेंद्र की पिटाई कर दी।

(ख) नरेंद्र ने जब वेणुगोपाल जी से कहा कि ''नहीं गुरुजी'' यह गलत है, संयुक्त राज्य अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन है, न्यूयॉर्क नहीं। यह सुनकर वेणुगोपाल जी आग–बबूला हो गए और बोले कि तुम्हारी इतनी हिम्मत कि अध्यापक से जबान लड़ाते हो।

(ग) स्वामी विवेकानंद ने अपने जीवनकाल में सत्यता के मार्ग पर अडिग रहकर धर्म के सही स्वरूप का प्रचार–प्रसार किया और वेदों का प्रचार करके संसार में खूब नाम कमाया।

(घ) वेणु गोपाल जी को इस बात की खुशी हुई कि नरेंद्र की दृढ़ता के कारण ही उनकी भूल में सुधार हुआ है क्योंकि यदि नरेंद्र नाथ अपनी सत्यता पर अड़िग नहीं रहते तो उन्हें अपनी गलती का पता नहीं चलता।

(ङ) एक नेक इंसान बनने के लिए सत्य के मार्ग को अपनाना चाहिए, ईर्ष्या का भाव मन में नहीं होना चाहिए तथा समाज और राष्ट्र के पति समर्पित रहना चाहिए।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) वेणुगोपाल जी क्या पढ़ाते थे?
भूगोल ☑ संगीत ☐ गणित ☐

(ख) जो बच्चे कॉपी नहीं लाये थे, उन्हें क्या बना दिया गया?
उल्लू ☐ घोड़ा ☐ मुर्गा ☑

(ग) सत्य मनुष्य को क्या देता है?
कमजोरी ☐ ताकत ☑ कुछ नहीं ☐

(घ) स्वामी विवेकानंद जी का जन्म कब हुआ था?
15 जनवरी ☐ 12 जनवरी ☑ 12 फरवरी ☐

(ङ) स्वामी विवेकानंद जी ने किसका प्रचार किया?
गीता का ☐ वेदों का ☑ महाभारत का ☐

**4. सही वाक्य पर ( ✓ ) तथा गलत वाक्य पर ( ✗ ) का निशान लगाइए–**

(क) वेणुगोपाल जी के आते ही कक्षा में शोर मच गया। ✗
(ख) जो लड़के कॉपियाँ नहीं लाए थे उन्हें मुर्गा बना दिया गया। ✓
(ग) वेणुगोपाल जी शांत स्वभाव वाले अध्यापक थे। ✗
(घ) सत्य मनुष्य की ताकत है। ✓
(ङ) भारत देश के प्रति उनके मन में भक्ति भाव था। ✓



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**संज्ञा–** किसी प्राणी, वस्तु, स्थान और भाव के नाम का बोध कराने वाले शब्द **संज्ञा** कहलाते हैं।
**क्रिया–** वे शब्द जिनसे किसी काम के करने या होने का पता चले, वे **क्रिया** कहलाते हैं।
**निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया शब्द चुनकर लिखिए–**

नाम – वेणुगोपाल **नरेंद्र, वाशिंगटन, अमेरिका, न्यूयॉर्क, भारत, रामकृष्ण परमहंस**
काम – जाँचना **चीखना, लिखना, डरना, सहना, बैठना, भूलना, चौंकना, उलटना, टिकना, सुधारना**

नरेंद्र, वाशिंगटन, चीखना, अमेरिका, न्यूयॉर्क, लिखना, डरना, सहना, भारत, बैठना, भूलना, रामकृष्ण परमहंस, चौंकना, उलटना, टिकना, सुधारना।
समान अर्थ वाले शब्दों को पर्यायवाची शब्द कहते हैं। जैसे– आग का पर्यायवाची अग्नि है।

**1. दिये गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

(क) दिन – **दिवस** **वार** (ख) शिक्षक – **अध्यापक** **गुरु**
(ग) पुस्तक – **किताब** **पोथी** (घ) जगत – **संसार** **विश्व**
(ङ) मित्र – **सखा** **सहचर**

**2. पाठ के अनुसार निम्नलिखित शब्दों का सही मिलान कीजिए—**

| | |
|---|---|
| (क) गुरु | (i) भूगोल |
| (ख) नरेंद्र | (ii) वेणुगोपाल |
| (ग) अध्यापक | (iii) जाँचना |
| (घ) पुस्तक | (iv) रामकृष्ण परमहंस |
| (ङ) कॉपी | (iv) विवेकानंद जी |

**3. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | खड़ा | × | **बैठा** | (ख) | लड़का | × | **लड़की** |
| (ग) | उग्र | × | **शांत** | (घ) | सुबह | × | **शाम** |
| (ङ) | गलत | × | **सही** | (च) | मुरगा | × | **मुरगी** |

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 17 हमारा तिरंगा

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

**1. सोचकर बताइए—**

(क) किसी भी देश के लिए झंडा उसकी आजादी का प्रतीक होता है।

(ख) आजादी की लड़ाई तिरंगे के मार्गदर्शन में ही हुई है।

(ग) तिरंगे में अंकित अशोक चक्र भारत की गति तथा प्रगति का प्रतीक है।

**2. सोचकर लिखिए—**

(क) तिरंगे झंडे में केसरिया रंग बलिदान का, सफेद रंग शांति और सच्चाई का और हरा रंग हरियाली और खुशहाली का प्रतीक है।

(ख) तिरंगा फहराते समय हमें कुछ विशेष बातों का ध्यान रखना आवश्यक है जैसे कि झंडा भूमि को स्पर्श न करें, वह किसी चीज से ढ़का हुआ नहीं होना चाहिए तथा इसे कभी भी उलटा नहीं पकड़ना चाहिए।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए—**

(क) हमारे झंडे में प्रमुख रंग कितने हैं?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| दो | ☐ | तीन | ☑ | चार | ☐ |

(ख) अशोक चक्र में कितने आरे हैं?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चौबीस | ☑ | पच्चीस | ☐ | छब्बीस | ☐ |

(ग) केसरिया रंग किसका प्रतीक है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सच्चाई का | ☐ | बलिदान का | ☑ | हरियाली का | ☐ |

(घ) सफेद रंग किसका प्रतीक है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शान्ति का | ☐ | सच्चाई का | ☐ | दोनों का | ☑ |

(ङ) हरा रंग किस बात का प्रतीक है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| हरियाली का | ☐ | खुशहाली का | ☐ | दोनों का | ☑ |

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—**

(क) किसी भी देश के लिए झंडा उसकी **आजादी** का प्रतीक होता है।

(ख) सफेद रंग हमारे विचारों की **पवित्रता** को भी प्रकट करता है।

(ग) अशोक चक्र भारत की गति तथा **प्रगति** का प्रतीक है।

(घ) हमारा तिरंगा **अंतरिक्ष** में भी जा चुका है।

(ङ) हमें हमारे राष्ट्रीय ध्वज का **आदर** करना चाहिए।

(च) झंडे की गरिमा को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक का **कर्तव्य** है।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

**1. निम्नलिखित शब्दों में आहट जोड़कर नए शब्द बनाइए—**

जैसे— घबरा + आहट = **घबराहट**

(क) कड़वा + आहट = **कडवाहट** (ख) मुसकरा + आहट = **मुसकराहट**

(ग) चिकना + आहट = **चिकनाहट** (घ) चिल्ला + आहट = **चिल्लाहट**

(ङ) गरम + आहट = **गरमाहट**

**2. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए—**

(क) झंडा – **झंडे** (ख) हमारा – **हमारे**

(ग) श्रमिक – **श्रमिकों** (घ) वीर – **वीरों**

(ङ) गति – **गतियाँ** (च) इमारत – **इमारतें**

**3. नीचे दिए संयुक्त व्यंजनों से दो-दो शब्द बनाइए—**

(क) न्न = अन्न **सज्जनता उन्नति** (ख) द्धा = श्रद्धा **समृद्धि वृद्धा**

(ग) क्य = वाक्य **चाणक्य आधिक्य** (घ) म्म = धम्म **सम्मान निकम्मा**

(ङ) च्च = बच्चा **बच्चा सच्चाई**

## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।

## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।

## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।

# 18 नमन करता हूँ

### अभ्यास (EXERCISE)

## पाठ-ज्ञान (From the Lesson)

1. **सोचकर बताइए–**
   (क) सूरज की किरणों ने धरती को रोशन किया है।
   (ख) नदियों, झरनों ने धरती को सिंचित किया है।
   (ग) पेड़–पौधों ने मानव को बहुमूल्य जीवन दिया है।
   (घ) वीर जवानों ने मातृ भूमि के लिए अपने प्राणों की कुरबानी दी है।
   (ङ) बारिश की फुहारों ने हमारे हृदय को पुलकित किया है।

2. **सोचकर लिखिए–**
   (क) इस कविता के द्वारा बालक ने सूरज की किरणों, नदियों, झरनों, पेड़–पौधों, वीर जवानों, बारिश की फुहारों को तथा चाँद–तारों को नमन किया है।
   (ख) प्रकृति हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखती है क्योंकि हम धरतीवासियों का जीवन पेड़–पौधों, नदियों, चाँद–तारों, सूरज, वायु के बिना संभव नहीं है।
   (ग) प्राकृतिक वस्तुओं के पाँच उदाहरण हैं– अग्नि, पेड़–पौधे, सूर्य, चाँद, झरने आदि।
   (घ) बालक वीर जवानों को इसलिए नमन कर रहा है कि हमारी सेना के वीर जवानों ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों को भी न्यौछावर कर दिया और अपने देश की रक्षा की।
   (ङ) सूरज की किरणें पृथ्वी को रोशनी प्रदान करती हैं, नदियाँ, झरने, पृथ्वी को सिंचित करने का कार्य करती हैं तथा पेड़-पौधों ने मनुष्य को बहुमूल्य जीवन दिया है। इन सभी के बिना मानव जीवन असंभव है। इसलिए बालक ने इन सभी को नमन किया है।

**3. सही विकल्प पर ( ✓ ) का निशान लगाइए–**

(क) इस धरा को रोशन किसने किया है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूरज की किरणों ने | ☑ | चाँद की किरणों ने | ☐ | टॉर्च की रोशनी ने | ☐ |

(ख) इस धरती को किसने सींचा है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| नदियों ने | ☐ | झरनों ने | ☐ | दोनों ने | ☑ |

(ग) मानव को बहुमूल्य जीवन किसने दिया है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| पत्थरों ने | ☐ | पेड़-पौधों ने | ☑ | पक्षियों ने | ☐ |

(घ) मातृ-भूमि के लिए बलिदान किसने दिया है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| वीर जवानों ने | ☑ | नेताओं ने | ☐ | पर्वतों ने | ☐ |

(ङ) जमीन को किसने प्रकाशित किया है?

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चाँद ने | ☐ | तारो ने | ☐ | दोनों ने | ☑ |

**4. आशय स्पष्ट कीजिए–**

(क) प्रस्तुत पंक्ति में बालक उन वीर जवानों को नमन करता है जो अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान कर देते हैं और देश की सीमा पर किसी भी परिस्थिति में डटकर हम भारतवासियों की शत्रुओं से सुरक्षा करते हैं।

(ख) प्रस्तुत पंक्ति में बालक अंत में ईश्वर को नमस्कार करता है और कहता है कि आप ही मनुष्यों के सृजनकर्ता हैं और आपने प्रकृति के कण–कण में निवास किया है।

**5. कविता की पंक्तियों को पूरा कीजिए–**

(क) नमन है **उन नदियों, झरनों को मेरा जिन्होंने इस धरती को** सिंचित किया।

(ख) नमन करता हूँ **मैं उन चाँद, तारों को, जिन्होंने इस जमीं को** प्रकाशित किया।



## भाषा-ज्ञान (Language and Grammar)

प्रकृति बहुत **सुंदर** है।

उपरोक्त वाक्य में सुंदर शब्द गुणवाचक विशेषण है। अर्थात् जो विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के गुण, दोष, स्वभाव, रंग और आकार आदि के बारे में जानकारी देते हैं, वे **गुणवाचक विशेषण** कहलाते हैं।

**निम्नलिखित वाक्यों में गुणवाचक विशेषण छाँटिए–**

(क) आसमान का रंग **नीला** है। (ख) चंदा हमें **प्रकाश** देता है।

(ग) प्रकृति में **छोटे-बड़े** सभी जीव-जन्तु आते हैं। (घ) ईश्वर की रचना बड़ी **प्यारी** है।

**1. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए–**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) मनुष्य | – | **नर** | **मानव** | (ख) ईश्वर | – | **भगवान** | **जगदीश** |
| (ग) चंदा | – | **चंद्रमा** | **शशि** | (ग) नदी | – | **सरिता** | **शैलजा** |
| (ङ) सूरज | – | **भानु** | **दिनकर** | (घ) धरी | – | **भूमि** | **धरती** |

**2. समान तुक वाले शब्द लिखिए–**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | नीला | – **गीला** | (ख) | प्यारा | – **न्यारा** |
| (ग) | नमन | – **गमन** | (घ) | कभी | – **अभी** |
| (ङ) | फूल | – **धूल** | (च) | मानव | – **दानव** |



## मूल्याधारित प्रश्न (Value Based Question)

स्वयं कीजिए।



## रचनात्मक गतिविधि (Creativity)

स्वयं कीजिए।



## परियोजना कार्य (Project Work)

स्वयं कीजिए।